**09H(A)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : 3 hours 15 min.]** **[Maximum Marks : 80**

***Instructions :***

*(i)* Read the following Question paper and understand every question thoroughly without writing anything. 15 minutes time is allotted for this.

*(ii)* Answer ***all*** the questions as directed.

*(iii)* **Part-A** questions are to be written in the separate Answer Booklet.

*(iv)* Write the answers to the questions under **Part-B** on the Question paper itself.

## Part-A

**Time : 2 hours 30 minutes** **Marks : 60**

**I.** निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**(अ)** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

अपने पुराने स्कूल में वह एक मेधावी छात्र रहा था। पिछले पाँच वर्ष से वह हर वर्ष कक्षा में सबसे आगे था। उसे कहानियों की किताबें पढ़ने का शौक था। अतः उसकी अंग्रेज़ी और हिंदी बहुत अच्छी थी। उसे सामान्य ज्ञान की पुस्तकें पढ़ना भी बहुत पसंद था और इससे उसका विज्ञान और इतिहास का ज्ञान भी विकसित हो गया। गणित का तो वह जादूगर था ही। अध्यापक के बोर्ड पर पूरा प्रश्न लिखने से पूर्व ही वह उसका उत्तर बताने के लिए अधीर हो हाथ उठा देता।

पुराने स्कूल में उसके बहुत सारे मित्र थे और सभी अध्यापक भी उसे पसंद किया करते थे। वह सबसे खुशी-खुशी मिलता और मुस्कुराकर 'हैलो' कहता। जब भी कोई कठिनाई में होता तो राजू सबसे पहले उसकी मदद के लिए पहुँच जाता। उसके पुराने स्कूल में कभी किसी ने उसकी कमज़ोरी की ओर भी ध्यान नहीं दिया - उसकी टांगें बहुत पतली और दुर्बल थीं। उसके घुटनों में शक्ति नहीं थी और अधिक समय तक वे उसके शरीर का भार बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं। अतः वह ज़्यादा देर तक खड़ा नहीं रह पाता था इसीलिए उसे खेलने की मनाही थी। जब भी उनके स्कूल में मैच होता, राजू अपने साथियों को खेलते हुए देखता और ज़ोर-शोर से उनका उत्साह बढ़ाता। जब उसके मित्र मैच हारने लगते तो राजू के प्रेरणादायक शब्दों से उनमें आशा का संचार होता और वे नयी स्फूर्ति से खेलने लगते।

**प्रश्न :**

1. गद्यांश में राजू की किस कमज़ोरी का उल्लेख किया गया है ?
2. कितने वर्षों तक राजू कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होता रहा ?
3. 'गणित का तो वह जादूगर था ही' – इसका भाव क्या है?
4. राजू सबसे कैसे मिलता था ?
5. स्कूल में जब मैच होता तो राजू क्या करता ?

**(आ)** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

अपने जीवन में तीन बातों को मैं प्रधान पद देता हूँ। उनमें पहली है – 'उद्योग'। अपने देश में आलस्य का भारी वातावरण है। यह आलस्य बेकारी के कारण आया है। शिक्षितों का उद्योग से कोई ताल्लुक ही नहीं रहता, और जहाँ उद्योग नहीं वहाँ सुख कहाँ ।

दूसरी बात जिसकी मुझे धुन है, वह 'भक्तिमार्ग' है। बचपन से ही मेरे मन पर यदि कोई संस्कार पड़ा है तो वह भक्तिमार्ग का है। उस समय मुझे माता से शिक्षा मिली। आगे चलकर आश्रम में दोनों वक्त की प्रार्थना करने की आदत पड़ गयी।

तीसरी एक और बात की मुझे धुन है, पर सबके काबू की वह चीज़ नहीं हो सकती। वह चीज है – 'खूब सीखना और खूब सिखाना।' जिसे जो आता है वह उसे दूसरे को सिखाए और जो सीख सके उसे वह सीखे।

**प्रश्न :**

6. गद्यांश में किन तीन बातों का उल्लेख है?
7. आलस्य का कारण क्या है?
8. लेखक को उनकी माता ने क्या शिक्षा दी थी ?
9. किस बात को लेखक ने सबके लिए कठिन माना है?
10. गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

**(इ)** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

आने तो दे, धुल जाएगा सारा का सारा रुखीला अहसास
अकड़ीला मिज़ाज जो चिपका है घर की सारी की सारी दीवारों
बंद दरवाजों खिड़कियों में।
तेरी आँखों में तैरते ये समुंदर ये आसमान के अक्स
मैंने देख लिए हैं माँ।
माँ ..... जा सकती हूँ मैं दूर-पार, उस झिलमिलाती दुनिया में
ला सकती हूँ वहाँ से चमकीले टुकड़े तेरे सपनों के,

समुन्दर की लहरों के थपेड़ों में ढूँढ़ सकती हूँ मैं
मोती और सीपी और नाविकों के किस्से।
कर सकती हूँ माँ, मैं सब-कुछ जो रोशनी-सा चमकीला
रंगों-सा चटकीला हो, पर आने तो दे, डर मत माँ ....... मुझे आने दे।

**प्रश्न :**

**11.** मोती, सीपी और नाविकों के किस्से कहाँ होते हैं?

**12.** माँ के डरने का कारण क्या है?

**13.** घर के भीतर घमंड विद्यमान रहने की बात किस पंक्ति से प्रकट होती है?

**14.** झिलमिलाती दुनिया से लड़की क्या लाना चाहती है?

**15.** उपर्युक्त पद्यांश किस कविता से लिया गया है?

**(ई)** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

आया अब यह वर्षा काल,
जग का हुआ और ही हाल।
नहीं कहीं अब हाहाकार,
गर्मी से न व्यथित संसार।
नहीं लू अब सन-सन चलती,
अब न आग-सी धरती जलती।
'प्यास-प्यास', 'पानी-पानी',
चिल्लाते अब नहीं कहीं पर।
बरस रहा जल चारों ओर,
मेंढक सुख से करते शोर।
कहीं पपिहा करता शोर,
कहीं नाचते प्रमुदित मोर।
बिजली चमक-चमक रह जाती,
झिल्ली है झंकार मचाती।
पृथ्वी की हरियाली सुंदर,
लगती कैसी भली मनोहर।

प्रश्न :

16. कविता में किस ऋतु का वर्णन है?

17. लोग प्यास-प्यास और पानी-पानी क्यों चिल्लाते थे?

18. कविता में किन प्राणियों का उल्लेख है?

19. बिजली कहाँ चमकती है?

20. संसार व्यथित क्यों था?

**II.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *तीन-चार* पंक्तियों में लिखिए। **4×4=16**

21. कवि बिहारीलाल का परिचय अपने शब्दों में लिखिए।

22. वर्षा की कमी या अधिकता हम पर कैसा प्रभाव डालती है?

23. लोकगीतों को आज मनोरंजन का साधन कैसे बनाया जा सकता है?

24. यदि पृथ्वी का पानी प्रदूषित हो जाए तो आपके पास इसका क्या समाधान है?

**III.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए। **1×7=7**

25. धर्मराज को भीष्म पितामह द्वारा दिये गये संदेश पर आज के समाज को दृष्टि में रखकर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

26. रैदास की भक्ति की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**IV.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए। **1×7=7**

27. 'स्वराज्य की नींव' एकांकी की ऐतिहासिकता अपने शब्दों में लिखिए।

28. टेसी थॉमस के जीवन से हमें कैसी प्रेरणा मिलती है?

**V.** निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए। **2×5=10**

29. रास्ता चलने वाली अकेली महिला को देखकर सोने के आभूषण छीनने वालों से सुरक्षा करने की प्रार्थना करते हुए पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।

30. अपनी पसंद के त्यौहार के संबंध में मित्र से वार्तालाप कीजिए।

31. गर्मी के कारण आने वाली बीमारियाँ और उनसे बचने के उपाय बताते हुए एक करपत्र तैयार कीजिए।

---

**09H(B)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : 3 hours 15 min.]** **[Maximum Marks : 80**

## Part-B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 20***

***Instructions :***

*(i)* Answer **all** the questions of **Part-B** on the question paper itself and attach it to the Answer Booklet of **Part-A**.

*(ii)* Candidate must write CAPITAL LETTERS (A, B, C or D) while answering the Multiple-choice questions.

**I.** *निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए।* **20×1=20**

**1.** सूर्य , हवा और पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

*(रेखांकित शब्द के पर्यायवाची पहचानिए।)* [ ]

(A) चाँद, सितारे (B) पवन, वायु

(C) रवि, प्रभाकर (D) तरु, पेड़

**2.** आपके आते ही वातावरण शांत हो गया। [ ]

*(रेखांकित शब्द का विलोम रूप पहचानिए।)*

(A) प्रशांत (B) अशांत

(C) विश्राम (D) शांतीमय

**3.** हामिद की माँ परलोक सिधार गयी।

*(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।)* [ ]

(A) पर (B) प

(C) लोक (D) क

4. *शुद्ध वर्तनी वाला शब्द पहचानिए।* [ ]

(A) राशट्रपिता (B) राष्टरपिता

(C) राष्ट्रपीता (D) राष्ट्रपिता

5. अच्छा काम करने वाले बड़ी-बड़ी बातें नहीं करते। *(पुनरुक्त शब्द पहचानिए।)* [ ]

(A) अच्छा (B) काम

(C) बड़ी (D) करते

6. *बेमेल शब्द पहचानिए।* [ ]

(A) दादी (B) नानी

(C) चाचा (D) बालक

7. शास्त्रीय संगीत के सामने लोकगीत को <u>हेय</u> समझा जाता था।

*(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।)* [ ]

(A) सुंदर (B) कम

(C) कठिन (D) लोकप्रिय

8. कक्षा के सभी छात्रों ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कमर बाँधी है।

*(वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा पहचानिए।)* [ ]

(A) अच्छे अंक प्राप्त करना (B) कमर बाँधना

(C) सभी छात्र (D) परीक्षा में

9. 'जल में रहने वाला प्राणी'

*(इसके लिए एक शब्द पहचानिए।)* [ ]

(A) जलन (B) जलद

(C) जलचर (D) जल्दी

**10.** नगर में दिन-ब-दिन भिखारियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

*(रेखांकित शब्द का तत्सम पहचानिए।)* [ ]

(A) सरकारी (B) भूख

(C) भूखार (D) भिक्षुक

**11.** महारानी को अपना स्वामी मानती हूँ और महारानी से भी बढ़कर अपने देश को अपना स्वामी मानती हूँ।

*(रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार पहचानिए।)* [ ]

(A) संयुक्त (B) मिश्र

(C) साधारण (D) सरल

**12.** राजा को यह बात अच्छी लगी।

*(वाक्य का काल पहचानिए।)* [ ]

(A) भूत (B) भविष्य

(C) वर्तमान (D) संदिग्ध

**13.** हमें अपने पड़ोसियों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

*(रेखांकित शब्द का वचन बदलने पर होगा।)* [ ]

(A) पड़ोसी (B) पड़ोस

(C) पड़ोसि (D) पड़ोसन

**14.** लेखिका ने प्रधानमंत्री का साक्षात्कार लिया।

*(कर्मवाच्य में परिवर्तित रूप)* [ ]

(A) लेखिका का प्रधानमंत्री ने साक्षात्कार लिया।

(B) लेखिका द्वारा प्रधानमंत्री का साक्षात्कार लिया गया।

(C) प्रधानमंत्री का लेखिका ने साक्षात्कार लिया।

(D) प्रधानमंत्री ने लेखिका का साक्षात्कार लिया।

**15.** 'गुरुदक्षिणा' शब्द का विग्रह कीजिए। [ ]

(A) गुरु द्वारा दक्षिणा (B) गुरु से दक्षिणा

(C) गुरु के लिए दक्षिणा (D) गुरु के समान दक्षिणा

**16.** त्यौहार के समय सारे गाँव में <u>हर्षोल्लास</u> छा जाता है।

*(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए।)* [ ]

(A) हर्षोल + लास (B) हर्षोल्ल + आस

(C) हर्षो + उल्लास (D) हर्ष + उल्लास

**17.** *शुद्ध वाक्य पहचानिए।* [ ]

(A) आप समय पर कार्यालय पहुँच जाइए।

(B) आप समय पर कार्यालय पहुँचो।

(C) आप समय को कार्यालय पहुँचिए।

(D) तुम समय पर कार्यालय पहुँच जाइए।

**18.** बच्चा <u>स्वयं</u> अपनी पढ़ाई जारी रखे।

*(रेखांकित शब्द का शब्द भेद पहचानिए।)* [ ]

(A) विशेषण (B) संज्ञा

(C) सर्वनाम (D) क्रिया

**19.** यह मेरे जीवन ------ अंतिम युद्ध है। [ ]

*(रिक्त स्थान के लिए उचित कारक पहचानिए।)*

(A) में (B) से

(C) को (D) का

**20.** मैं तेलंगाणा राज्य का निवासी हूँ।

*(वाक्य को प्रश्नवाचक बनाने के लिए किस शब्द का प्रयोग होगा?)* [ ]

(A) क्या (B) कब

(C) कहाँ (D) कैसे

---